SUNDAY | 03.02.2019

दिल्ली-एनसीआर

अमर उजाला

• राजधानी वर्ष 16 | अंक 296 | पृष्ठ : 22+4 | मूल्य : चार रुपये नई दिल्ली • 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण



ऋषि शुक्ला सीबीआई के नए निदेशक

नियुक्ति

मध्यप्रदेश कैडर के 1983 बैच के आईपीएस अधिकारी के सिर सजा कांटों भरा ताज

amarujala.com



तैयारी ▶ ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी और अन्य सोसायटियों में लगे है संयंत्र

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से कूड़े को बनाया जा रहा है खाद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट की कई सोसायटियों ने कूड़ा निस्तारण की सुविधा अपने स्तर पर कर रखी है। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी के सभी एवेन्यू में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के जरिए कूड़े से खाद बनाई जा रही है।

वहीं कई सोसायटियों ने गीला व सूखा कूड़ा उठाने की व्यवस्था को मजबूत किया है। हाल ही में यूनिटेक कैसकेड्स सोसायटी में इस व्यवस्था को लागू किया है। ग्रेनो प्राधिकरण ने अभी कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की है। अब प्राधिकरण ने सोसायटियों से कूड़ा उठाने से भी इंकार कर दिया है। नियमों के तहत सोसायटियों को स्वयं ही कूडे का निस्तारण करना है, लेकिन सभी जगह ऐसा नहीं है। हालांकि, कुछ बिल्डरों ने कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था की है। इनमें गौड़ सिटी शामिल है। गौड़ सिटी के सभी एवेन्यू में 16000 से अधिक परिवार रह रहे है। एक घर से रोजाना करीब डेढ़ किलोग्राम कूडा निकलता है। सोसायटी के बेसमेंट में ही कूडे का निस्तारण किया जा रहा है। गीले और सूखे कूड़े के लिए अलग-अलग मशीनें लगाई गई है। मशीन के माध्यम से गीले कूड़े से ऑर्गेनिक खाद तैयार की जा रही है। उस खाद का प्रयोग जमीन को उपजाऊ बनाने में प्रयोग हो रहा है। साथ ही सोसायटियों के पार्कों में प्रयोग किया जा रहा है।

84

लाख किलो कूड़े को खाद में परिवर्तित किया जा रहा है मशीन के माध्यम से हर साल

नोएडा सेक्टर-54 में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सभी सोसायटी के निवासियों को गीला व सूखा कूड़ा अलग रखने की हिदायत पहले ही दी जा चुकी है। उसी हिसाब से लोग कूड़े को एकत्र करते है। वहीं सूखे कूड़ा यानि मेटल, शीशा, प्लास्टिक आदि कबाड़ी को बेच दिया जाता है। मशीन के माध्यम से हर साल 84 लाख किलोग्राम कूड़े को खाद में परिवर्तित किया जा रहा है।

गौड़संस की डायरेक्टर मंजू गौड़ का कहना है कि भारत सरकार की स्वच्छता की अपील को ध्यान में रखकर कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। हर टावर में कूड़ा निस्तारण की मशीन लगी है। इस पर आने वाला खर्च खरीदारों से नहीं लिया जा रहा है। ब्यूरो